भा कृ अनु प-केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान, कोच्चि में 'हिन्दी दिवस समारोह' संपन्न

आठ अगस्त से जारी बारिश और भूस्खलन की वजह से केरल में विनाशकारी बाढ़ से कई लोगों की मौत हो चुकी है। जबरदस्त बारिश की वजह से केरल के कई इलाके में यह भारी बाढ़ तबाही मचाई हैं। प्रशासन और राहतकर्मी पानी में फंसे हजारों लोगों को सुरक्षित निकालने में सफल रहे हैं। साथ ही महामारी रोकने की पूरी कोशिश की जा रही है। राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, अब तक 357 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 3.53 लाख लोग 2000 से ज्यादा राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं। इस विपदा की घड़ी में हर किसी का कर्तव्य है कि अपनी ओर से कुछ न कुछ करे।

भा कृ अनु प-केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान, कोच्चि अपनी ओर से राहत कार्य में भाग लिया और सभी कर्मियों द्वारा अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान किया। इस विपदा के कारण केरल सरकार ने अपने सभी सरकारी समारोह रद्द किए हैं। इस को ध्यान में रखकर यह संस्थान ने चेतना मास के दौरान आयोजित की जानी वाली सभी प्रतियोगिताएं रद्द करके केवल हिन्दी दिवस का अनुपालन 14 सितंबर 2018 को किया है।

हिन्दी दिवस समारोह का शुभारंभ भा कृ अनु प गीत से किया गया। सर्वप्रथम सभा का स्वागत करते हुए डॉ.जे.रेणुका, उपनिदेशक (राजभाषा) ने रेखांकित किया कि केरल में विनाशकारी बाढ़ के कारण केवल हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि श्री ए.के.चौधरी, निदेशक, सिफ्नेट, कोच्चि और डॉ.रविशंकर सी.एन., निदेशक का हार्दिक स्वागत किया। डॉ.रविशंकर सी.एन., निदेशक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में राजभाषा कार्यान्वयन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा कहा कि भारत सरकार की भाषा नीति के सक्रिय अनुपालन में हमारे सार्थक प्रयास जारी रहेंगे।
डॉ.पी.शंकर, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने भा कृ अनु प के महानिदेशक महोदय द्वारा इस राष्ट्रीय सुअवसर पर जारी अपील के पठन के उपरांत मुख्य अतिथि श्री ए.के.चौधरी, निदेशक, सिफ्नेट, कोच्चि ने अपने संबोधन में सरकारी भाषा नीति के अनुपालन में सभी के सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिए। उन्होंने कहा कि विशेषकर हिन्दी का कार्य हिन्दी अनुभाग का नहीं बल्कि संपूर्ण कार्यालय का है। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर के मा प्रौ सं के निदेशक और उपनिदेशक (राजभाषा) को प्रशंसात्मक बधाई दिए। इस अवसर पर केरल के राष्ट्रीय त्योहार ओणम के सुअवसर पर संस्थान के कर्मचारियों के बच्चों को प्रदान किए जाने वाले **'आईसीएआर-सीआईएफटी एवं आईसीएआर-सीआईएफटी मनोरंजन क्लब अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार-2018'** मुख्य अतिथि महोदय द्वारा वितरित किए गए क्योंकि ओणम उत्सव-2018 भी संस्थान द्वारा केरल राज्य के साथ रद्द किया गया। इस अवसर पर श्री डी.पी.परमार एवं श्री पी.पी.जार्ज को प्रोत्साहन के रूप में नगद पुरस्कार प्रदान किए गए और राजभाषा गतिविधियों की एक फोटो प्रदर्शिनी भी आयोजित की गई।

अंत में डॉ.संतोष अलेक्स, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने संस्थान के निदेशक को मार्गदर्शन देने हेतु धन्यवाद व्यक्त किया साथ में मुख्य अतिथि को भी धन्यवाद दिया और डॉ.जे.रेणुका, उपनिदेशक (राजभाषा) को धन्यवाद व्यक्त किया।